CHENNAI SAHODAYA SCHOOLS COMPLEX

COMMON PRE –BOARD EXAMINATION (2019-20)

हिंदी 'ब' (कोड़ -85)

कक्षा-दसवीं

निर्धारित समय :3 घंटे अंक योजना अधिकतम अंक:80

| क्र.सं. | खंड --- क | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 1.(क) | लोग अगर हमारे गुणों की प्रशंसा करें, हमारा आदर करें और हमसे प्रेम करें, तो ऐसी प्रवृत्तियाँ हमें भाती है \| | 2 |
| (ख) | दूसरों की प्रशंसा और प्रोत्साहन से व्यक्ति आगे बढने के लिए प्रेरित होता है \| | 2 |
| (ग) | प्रशंसा और प्रोत्साहन मनुष्य को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरणा स्रोत हैं \| | 2 |
| (घ) | प्रशंसा और प्रोत्साहन शिक्षण प्रक्रिया का एक अति आवश्यक और व्यवहारिक अंग सिद्ध हुआ है \|वे मार्ग दर्शन और दोष निवारण में भी सहयोग देते हैं \| | 2 |
| (ङ) | व्यवहार कुशलता का लक्षण यह है कि आप दूसरों की भावना को ठीक-ठीक समझें उसकी कद्र करें \| | 1 |
| (च) | कोई उचित शीर्षक दें \| | 1 |
| | खंड-ख | |
| 2. | मैदान --- पद | 1 |
| 3. (क) | स्टेशन पहुँचते ही उसने मुझे फोन कर दिया। | 1 |
| (ख) | सुभाष बाबू को पकडा गया और लाल बाज़ार लाकअप में भेज दिया गया । | 1 |
| (ग) | जो घोडे पर सवारी कर रहा था वह घोडे से गिर गया । | 1 |
| 4. (क) | शरण में आया हुआ - तत्पुरुष समास<br>नौ रत्नों का समाहार - द्विगु समास | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | लोकप्रिय - तत्पुरुष समास<br>यथाशक्ति - अव्ययीभाव समास | 2 |
| 5. (क) | माताजी पुत्र के लिए फल लाई । | 1 |
| (ख) | तुम अपने घर चले जाओ । | 1 |
| (ग) | गीतों की एक पुस्तक ला दो । | 1 |
| (घ) | उस मकान के गिरने की आशंका है । | 1 |
| 6. | अर्थपूर्ण वाक्यों के लिए अंक दें \| | 1 |
| | खंड -ग | |
| 7. (क) | (अपेक्षित शब्द सीमा 30 - 40 शब्द )<br>किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित \|<br>• बड़े भाई के सिर पर यह कर्तव्य का बोझ था कि वह उसके छोटे भाई का मार्ग दर्शन करें \|<br>• वह अपने भाई के लिए एक मिसाल बनें \| | 2 |
| (ख) | प्रेक्टिकल आइडियलिस्ट उसे कहते है जो अपने आदर्शो में व्यवहारिकता को मिला लेते हैं और उन्हें जीने योग्य बनाते हैं । | 2 |
| (ग) | तताँरा वामिरो की त्यागमयी मृत्यु के बाद निकोबारियों के दृष्टिकोण बदल गए । सदियों से आ रही परंपरा टूट गई, आपसी संबंध होने लगे । | 2 |
| (घ) | • लेखक की माँ बहुत दयालु थी, धार्मिक स्त्री थी \|<br>• उनके हाथों से गलती से कबूतर का अंडा टूट गया\|<br>• पछतावे के कारण खुदा से माफ़ी माँगने के लिए उन्होंने रोज़ा रखा \| | 2 |
| 8. | • वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ।<br>• हिम्मती और साहसी ।<br>• अंग्रेज़ों से नफरत करता था ।<br>• वकील का कत्ल किया।<br>• आजमगढ के जंगलों में छिपा था \| | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | • अंग्रेज़ों के डेरे में ही घुसकर , कारतूस लेकर, लिफ्टीनेंट को धमकाया । | |
| | अथवा | |
| | सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी । स्त्रियों ने सभास्थल की ओर कूच किया । जगह-जगह से सभास्थल की ओर बढे। उन पर लाठियों का प्रहार किया । स्त्रियों ने मोनुमेंट पर चढकर झंडा फहराया और प्रतिज्ञा पढी । वे लाठियाँ खाती हुई जेल में बंद हो गई । | |
| 9.(क) | (अपेक्षित शब्द सीमा 30 - 40 शब्द )<br>किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित<br>• मीठी वाणी बोलने से सुनने वालों को शांति प्राप्त होती है ।<br>• सुनने वाला खुश होता है ।<br>• वक्ता भी शीतलता अनुभव करता है । | 2 |
| (ख) | धरती एक दुल्हन के समान सजी हुई है \| जिस प्रकार दुल्हे को दुल्हन सुन्दर और प्रिय प्रतीत होती है और उसकी रक्षा के लिए अपनी जान तक न्यौछावर कर देता है, उसी प्रकार सैनिक अपनी दुल्हन रूपी धरती की रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देता है\| | 2 |
| (ग) | 'पर्वत प्रदेश में पावस'-- कविता में तालाब की तुलना दर्पण के साथ की गई है। तालाब साफ स्वच्छ एवं निर्मल है । वह प्रतिबिंब दिखाने में सक्षम है। | 2 |
| (घ) | इस गीत में ईश्वर से विपत्तियों में रक्षा करने की विनती नहीं की गई है बल्कि विभिन्न परिस्थितियों में निडर होकर चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करने की विनती की गई है । मन में ईश्वर के प्रति संदेह उत्पन्न न हो। | 2 |
| 10. | (अपेक्षित शब्द सीमा 80 - 100 शब्द ) | |

| | | |
|---|---|---|
| | • विरासत से मिली चीजें अपनी पुरखों से मिली अमूल्य धरोहर होती है \|<br>• उनकी ऐतिहासिक महत्व होती है\|<br>• ये वस्तुएँ हमसे भावनात्मक रूप से जुडी होती है \|<br>• ये वस्तुएँ हमें तात्कालिक परिस्थिति की जानकारी देने के साथ -साथ दिशा-निर्देश भी देता है \|<br>• भविष्य में इन्हें सुरक्षित रखने से आने वाले पीढ़ी को सौंप सकते हैं \|<br>• अमूल्य होने के कारण इनकी बड़ी सँभाल होती है \| | 5 |
| | अथवा | |
| | • मीरा श्री कृष्ण की चाकरी करना चाहती है ताकि उनकी सेवा करने का मौका पाए और उनके साथ रह सके \|<br>• श्री कृष्ण  के लिए बाग लगाना चाहती है ताकि श्री कृष्ण उसमें विचरण करें और मीरा उनके दर्शन भी कर सके \|<br>• वृंदावन की कुंज गलियों में श्री कृष्ण की लीलाओं का गायन करना चाहती है ताकि उनके नाम स्मरण का अवसर मिले \|<br>• वे ऊँचे-ऊँचे महल बनाकर उसमें खिड़कियाँ रखना चाहती है, ताकि उससे श्री कृष्ण के दर्शन मिलते रहे \|<br>• वे कुसुंबी साड़ी पहनकर श्री कृष्ण को यमुना नदी के तट पर आधी रात को मिलना चाहती है ताकि उनका प्रेम पा सके \| | |
| 11.(क) | (अपेक्षित शब्द सीमा 60 - 70 शब्द )<br>• आधुनिक समाज में रिश्तों का महत्व घटता जा रहा है \| | 3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • लोगों के मन में धन के प्रति लालच की भावना बढ़ गई है \|<br>• भौतिक सुखों की होड़ और दौड़,स्वार्थ लिप्सा या धर्म की आड़ में फलने - फूलने वाली हिंसावृत्ति ने रिश्तों के महत्व को कम कर दिया है \| आज रिश्तों से ज्यादा धन - दौलत को अहमियत दी जा रही है \|<br>• संपत्ति के लिए अपने भी पराए बन जाते हैं \|यह बात हरिहर काका के साथ हुआ अन्याय से पता चलता है \|<br>• हरिहर घर का बुजर्ग है, परन्तु घर की बहुएँ उसे फालतू का बोझ समझती है \|<br>• उन सबकी नज़र हरिहर के पैसे पर है,उसकी इज्ज़त पर नहीं \|<br>• वे ठाकुरबारी में शरण लिए हुए हरिहर को घर ले आते हैं और उनका मान - सम्मान करना शुरू कर देते हैं ताकि वह जल्दी से उसकी संपत्ति हडप ले सकते हैं \| | |
| (ख) | (अपेक्षित शब्द सीमा 60 - 70 शब्द )<br>• सभी छात्र मास्टर प्रीतमचंद के कठोर स्वभाव से डरते थे ।<br>• छात्रों को अनुशासन में लाने के लिए क्रूर और कठोर दंड दिया करते थे \|<br>• वे बच्चों को मुर्गा बनाते थे \|<br>• बच्चों को मारते थे उनकी चमडी उधेडते थे ।<br>• छात्रों पर शेर की तरह झपटते थे ।<br>• छात्रों को घुड़की देते, ठुडे मारते थे \|<br>• कतार में खडे बच्चे अगर हिलते या पिंडली खुजलाते तो उनकी खाल खींचने का मुहावरा | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रत्यक्ष करके दिखाते । | |
| | खंड --- घ | |
| 12. | अनुच्छेद लेखन (80--100 शब्द )<br>भूमिका -- 2 अंक<br>विषय वस्तु - 3 अंक<br>भाषा - 1 अंक | 6 |
| 13. | पत्र लेखन (80--100 शब्द )<br>प्रारूप - 1 अंक<br>विषय वस्तु - 3 अंक<br>भाषा - 1 अंक | 5 |
| 14. | सूचना लेखन (40--50 शब्द )<br>प्रारूप - 1 अंक<br>विषय वस्तु -3 अंक<br>भाषा - 1 अंक | 5 |
| 15. | संवाद लेखन (50-60 शब्द )<br>विषय वस्तु -3 अंक<br>संवादों की क्रमबद्धता -- 1 अंक<br>भाषा -- 1 | 5 |
| 16. | विज्ञापन लेखन (25--50 शब्द )<br>विषयवस्तु -2 अंक<br>रचनात्मक प्रस्तुति - 2 अंक<br>भाषा - 1 अंक | 5 |